ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

काबुलीवाला

कक्षा –vii

विषय –हिन्दी

पाठ -9

PPT-5(प्रश्नोत्तर)

मौखिक

- **कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए-**
- **(क) लेखक का घर कहाँ था ?**
- **उत्तर -लेखक का घर सड़क के किनारे था।**
- **(ख) काबुलीवाले का व्यवहार मिनी के साथ कैसा था ?**
- **उत्तर -काबुलीवाले का व्यवहार मिनी के साथ संवेदनशील था।**
- **(ग) काबुलीवाला हर वर्ष किस मास अपने देश जाता?**
- **उत्तर - काबुलीवाला हर वर्ष माघ मास को अपने देश जाता था ।**
- **(घ) रहमत अपने दिन किस प्रकार काटता था?**
- **उत्तर –रहमत कागज पर अपनी पुत्री के हाथ के निशान को देखकर अपने दिन काटता था।**
- **(ङ) मिनी को विवाह के जोड़े में देखकर काबुलीवाले को किसकी याद आई?**
- **उत्तर -मिनी को विवाह के जोड़े में देखकर काबुलीवाले को अपनी पुत्री (बेटी) की याद आई।**

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

लिखित

- 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए
- (क) ---मिनी ------की उम्र दस साल की थी।
- (ख) काबुलीवाला---पिस्ता बादाम ----------बेचता था।
- (ग) मिनी की माँ बड़ी वहमी---तबीयत -------------की थी ।
- (घ) ---रहमत -------------मिनी से मिलना चाहता था।
- (ङ) रहमत ने एक कागज़ पर अपनी बेटी के हाथों की----छाप ----दिखाई ।
- 2. किसने किससे कहा?
- (क) "बाबू जी, आपकी बच्ची कहाँ गई?"
- उत्तर –रहमत ने लेखक से
- (ख) " आगे से इसे मेवा मत देना। "
- उत्तर –लेखक ने रहमत से
- (ग) "लल्ली, ससुराल जा रही हो क्या?"
- उत्तर –रहमत ने मिनी से

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए
- (क) रहमत को सिपाही क्यों पकड़कर ले जा रहे थे?
- उत्तर -रहमत को सिपाही इसलिए पकड़कर ले जा रहे थे, क्योंकि अपने पैसे न मिलने पर उसने किसी व्यक्ति को चाकू मार दिया था।
- (ख) मिनी के घर के लोग मिनी को रहमत से क्यों मिलवाना नहीं चाहते थे ?
- उत्तर - मिनी के घर के लोग मिनी को रहमत से इसलिए नहीं मिलवाना चाहते थे, क्योंकि उनकी नजर में वह एक हत्यारा था। उन्हें डर था कि विवाह के शुभ अवसर पर कोई अड़चन न आ जाए।
- (ग) मिनी काबुलीवाले को देखकर क्यों डरी होगी?
- उत्तर -काबुलीवाले का पहनावा, डील-डौल तथा उसका बड़ा-सा थैला देखकर वह डर गई होगी।
- मिनी को लगता था कि काबुलीवाला अपने थैले में बच्चों को पकड़कर ले जाता है।
- (घ) कहानी का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।
- उत्तर -(घ) कहानी का मूलभाव है कि किसी भी व्यक्ति के लिए स्नेह व प्रेम से बड़ी एवं अधिक प्रभावी दूसरी कोई वस्तु नहीं होती। वह सदैव इसकी प्राप्ति में सुख व शांति का अनुभव करता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- 4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए
- (क) 'काबुलीवाले ने पिस्ता-बादाम देकर उसके हृदय पर अधिकार कर लिया था।' इस वाक्य का क्या तात्पर्य है? इससे काबुलीवाले का कौन -सा गुण उजागर होता है?
- उत्तर -काबुलीवाले ने पिस्ता बादाम देकर उसके हृदय पर अधिकार कर लिया था यह वाक्य इस भावना की अभिव्यक्ति करता है कि किसी भी व्यक्ति के लिए व प्रेम से बड़ी एवं प्रभावी दूसरी कोई वस्तु नहीं होती। वह सदैव इसकी प्राप्ति में सुख व शांति का अनुभव करता है। बच्ची की छोटी आयु से ही काबुलीवाले का शिशु जनित प्रेम उसके बड़ी होने पर भी उसी रूप में बना रहा। काबुलीवाला समस्याओं में फँसे रहने के बाद भी मिनी से मिलने आया। इससे यह स्पष्ट होता है कि उन में सच्चा स्नेह था।
- (ख) 'ससुराल मत जाना', काबुलीवाले के इस कथन का क्या कारण हो सकता है? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।
- उत्तर - प्राचीन काल में ससुराल में बहुओं के साथ होने वाले अत्याचारों एवं दुर्व्यवहारों को देखते और समझते हुए ही काबुलीवाले ने नन्हीं मिनी को ससुराल मत जाना कहा।
- (ग) 'बच्चों के मन में भेद-भाव नहीं होते, उन्हें जिस रंग में ढालो, उसी रंग में ढल जाते। हैं' इस विषय पर एक परिच्छेद लिखिए। (मूल्यपरक प्रश्न)
- छात्र स्वयं अपने विचार परिच्छेद के रूप में लिखेंगे।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

भाषाज्ञान

- 1. 'स्वावलंबी' स्व + अवलंब + ई
- स्वावलंबी शब्द में मूल शब्द अवलंब है, इसमें स्व उपसर्ग है और ई प्रत्यय है। हमारी भाषा में अनेक शब्द ऐसे हैं, जो मूल शब्द में उपसर्ग तथा प्रत्यय लगाकर बनाए गए हैं।
- निम्नलिखित शब्दों को आप भी ऐसे ही जोड़कर पूरा कीजिए

उपसर्ग	मूल शब्द	प्रत्यय	शब्द
अभि	मान	ई	अभिमानी
अ	सफल	ता	असफलता
स्व	तंत्र	ता	स्वतंत्रता
बे	कार	ई	बेकारी
अप	मान	इत	अपमानित
सु	लभ	ता	सुलभता
परि	पूर्ण	ता	परिपूर्णता
स्व	चाल	इत	स्वचालित
बे	चैन	ई	बेचैनी

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

- 2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए
- (क) थैला------थैले
- (ख)बात -------बातें
- (ग)दरवाजा -----दरवाज़े
- (घ)कमरा -------कमरे
- (ड)बच्चा --------बच्चे
- (च)किताब ------किताबें
- 3. (क) बच्चों को हमेशा बड़ों का आदर से अभिवादन करना चाहिए।
- (ख) गंदगी से मच्छरों का उपद्रव बढ़ता है।
- (ग) परिचित लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए।
- (घ) वर्षगाँठ पर मुझे घड़ी भेंट में मिली।
- (ङ) अच्छी बातें मन पर निशान छोड़ जाती हैं।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP